टेलीफैक्स
Telefax 080 - 25531946

भारत सरकार GOVT. OF INDIA
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो CENTRAL TRANSLATION BUREAU
केंद्रीय सदन, 5वाँ तल, 'डी' विंग, कोरमंगला, बेंगलूर – 560 034
Kendriya Sadan, 5th Floor, 'D' Wing, Koramangala, Bangalore - 560 034

फा.सं. 12-6/2014-15/ दिनांक : 05/11/2014

# कार्यालय ज्ञापन

विषयः-केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के पुनःरचित (Re-designed) अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में ।

भारत सरकार के दिनांक 03/05.09.2014 के कार्यालय ज्ञापन सं.13011/52/2014-रा.भा(कें.अनु.ब्यू.) के अनुसार केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो का अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम री-डिज़ाइन किया गया है, जो जनवरी, 2015 से पाँच-पाँच दिनों के लिए हर पखवाड़े (महीने में दो कार्यक्रम) आयोजित होगा । यह पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, बैंकों, उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों आदि में राजभाषा हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों (हिंदी अधिकारी/अनुवादक सहित )के लिए है ।

री-डिज़ाइन अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम स्तर-1, स्तर-2 तथा स्तर-3 के रूप में तीन चरणों में पूरा होगा । तीनों प्रशिक्षण स्तरों के पाठ्यक्रम अलग-अलग हैं । प्रत्येक प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थियों को अभ्यास का पर्याप्त समय दिया जाएगा । फिर परीक्षा होगी । इस तरह तीनों स्तरों की परीक्षा होगी । सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, बेंगलूरु के प्रशिक्षण कक्ष अथवा स्थानीय किसी कार्यालय के उपयुक्त प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया जाएगा । प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कम से कम 15 और अधिक से अधिक 25 अधिकारियों तथा कर्मचारियों की संख्या निर्धारित है । **आगामी जनवरी से मार्च, 2015 की अवधि में पाँच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय-सारणी निम्नानुसार है :-**

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी, 2015 | 05.01.2015 से 09.01.2015<br>19.01.2015 से 23.01.2015 | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, बेंगलूरु<br>-----वही---- |
| फरवरी, 2015 | 09.02.2015 से 13.02.2015<br>19.02.2015 से 23.02.2015 | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, बेंगलूरु<br>-----वही----- |
| मार्च, 2015 | 09.03.2015 से 13.03.2015<br>23.03.2015 से 27.03.2015 | केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, बेंगलूरु<br>-----वही----- |

उपर्युक्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों के नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं ।

(डॉ.एस.एन.सिंह)
संयुक्त निदेशक
ई-मेलः jdctb.blr@gmail.com

**सेवा में,**

विभागाध्यक्ष/प्रबंध निदेशक, केंद्र सरकार के कार्यालय, संस्थान, उपक्रम, बैंक, निगम, स्वायत्त निकाय ।